# 22

# संकेतों की दुनिया

E5S11P

आपस में बात करने के लिए हम अक्सर शब्दों का उपयोग करते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि हम बिना बोले ही किसी को बुला लेते हैं या फिर उसको कुछ और बता पाते हैं। कुछ उदाहरण सोचो जहाँ तुम बिना बोले ही कुछ बात अपने साथी तक पहुँचाते हो।

______________________________________________

______________________________________________

यह तुम किस–किस तरीके से करते हो?

______________________________________________

______________________________________________

यदि तुम्हें बिना बोले ही नीचे दिए गए कार्यों को करना हो तो तुम उन्हें कैसे करोगेः–

(क) मेहमान का अभिवादन

______________________________________

(ख) दोस्त को अपने पास बुलाना

______________________________________

(ग) पानी का गिलास माँगना

______________________________________

(घ) मानीटर के रूप में सबको चुप होने को कहना

______________________________________

(च) खेलने के लिए साथी को बुलाना

______________________________________

(छ) गाना अच्छा था यह बताने के लिए

______________________________________

हाव–भाव और संकेत हमारी बात दूसरों तक पहुंचाते हैं। मानव ने बोलना शुरू करने से पहले हाव–भाव से एक–दूसरे तक विचार पहुँचाना शुरू किया ।

फिर उन्होंने जमीन पर चिन्ह बनाकर संकेतों से अपनी बात दूसरों को बताना शुरू किया। यदि वे शिकार के लिए गए हैं तो इसके लिए एक चिन्ह और कितने लोग गए हैं के लिए दूसरा चिन्ह। संकेत के लिए चिन्ह ऐसे होते थे–



**चिन्ह 1**

शिकार पर जाने के लिए



**चिन्ह 2**

6 लोगों के जाने के लिए


## गणित के संकेत

कुछ संकेत हम गणित में भी उपयोग करते हैं।

तालिका में दिए गए चिन्ह क्या दिखाते हैं? और इनका क्या उपयोग है? लिखो।

| क्र. | चिन्ह | क्या दिखाता है ? | उपयोग |
|---|---|---|---|
| 1. | + | | |
| 2. | - | | |
| 3. | X | | |
| 4. | ÷ | | |
| 5. | > | | |
| 6. | < | | |

तुमने लाल रंग का यह चिन्ह देखा होगा।



यह चिन्ह चिकित्सा सेवा से जुड़ी रेडक्रास संस्था का है।
तुम्हारे आस–पास और कौन–कौन से चिन्ह दिखते हैं? उन सब की सूची बनाओ व उनके उपयोग का पता करो।

## सोचकर बताओ –

1. संकेतों का हमारे लिए क्या महत्व है?
2. कक्षा में बच्चे कौन–कौन से संकेतो का उपयोग करते हैं?
3. एक ऐसी परिस्थिति बताओ जहाँ हम इशारों से ही बात कर सकते हैं।

इसी तरह तुम निम्न संकेतों के लिये चिन्ह बनाओ –

| संकेत | चिन्ह |
|---|---|
| घर का | |
| पेड़ का | |
| सूरज का | |
| तारों का | |
| नदी का | |

अपने लिए कुछ और संकेत बनाओ। ऐसे संकेत जिनसे कुछ संदेश दूसरों तक पहुंच सके। नीचे इसके कुछ उदाहरण दिए गए हैं।

| क्र. | संकेत | संदेश |
|---|---|---|
| 1. | एक बार ताली बजाना | आ जाओ |
| 2. | दो बार ताली बजाना | दो कदम पीछे चले जाओ |
| 3. | एक चुटकी बजाना | अपनी जगह पर गोल घूम जाओ |
| 4. | हाथ ऊपर करना | |
| 5. | | |
| 6. | | |

## खोजो आस–पास

1. इनके लिए संकेतों को पता करो –

   बाँया मोड़, गति अवरोध, पुलिया, रेलवे लाईन, हार्न न बजाएं, आगे अस्पताल है।

E5YV49